
# अध्यक्षीय सम्बोधन .....



आदरणीय मुख्य अतिथि सह उद्घाटन कर्त्ता इ० उपेन्द्र प्रसाद सिंह (भा० प्र० से०), मंचाशीन सभी विशिष्ट अतिथि, सभागार में उपस्थित कुशवाहा अभियन्ता फोरम के सभी अभियन्तागण, भाई-बहनों, बच्चों, पत्रकार एवं मिडियाकर्मी बँधुओं।

कुशवाहा अभियंता फोरम के 31वीं वार्षिक आम सभा के शुभ अवसर पर मौर्य कुशवाहा अभियंता भवन के सभागार में, बिहार प्रांत के पाटलिपुत्र के इस पावन धरती पर आप सबों का हार्दिक स्वागत करते हुए मुझे अपार हर्ष हो रहा है तथा मैं आप सभी का कुशवाहा अभियंता फोरम की तरफ से स्वागत एवं अभिनन्दन करता हुँ।

कुशवाहा अभियंता फोरम के सभी सदस्यों को धन्यवाद देता हुँ कि उनके द्वारा मुझे अध्यक्ष पद पर निर्वाचित किया गया एवं सत्र् 2022-23 के लिए कुशवाहा अभियंता फोरम से सम्बंधित सभी कार्यो को करने का मौका दिया गया।

आप सबों ने अपना मूल्यवान समय देकर इस समारोह को सफल बनाने का प्रयास किया है। इसके लिए मैं हृदय से आप सबों का आभार व्यक्त करता हूँ।

मैं अभिनन्दन करता हूँ, फोरम के पूर्व, वर्त्तमान पदाधिकारियों, कार्यकारणी के सदस्यों, योजना एवं परामर्शदातृ समिति के सदस्यों, संरक्षक सदस्यों जिनके सहयोग, योगदान एवं अथक परिश्रम से फोरम प्रगति के पथ पर सतत् अग्रसर है।

मैं अभिनन्दन करता हूँ, क्षेत्रीय पदाधिकारियों एवं सदस्यों का जिनके परिश्रम एवं योगदान से यह समारोह सफलता पूर्वक सम्पन्न हो रहा है। मैं अभिनन्दन करता हूँ विज्ञापनदाताओं एवं आर्थिक सहयोग करने वालों का जिनके सहयोग के फलस्वरूप कुशवाहा अभियन्ता फोरम की वार्षिक स्मारिका का सफल प्रकाशन किया जा सका है।

मुझे यह बताते हुए अत्यधिक प्रसन्नता हो रही है कि फोरम के सदस्यों की अभिलाषा के अनुरूप भवन निर्माण पूर्ण होने की ओर अग्रसर है। आप सभी के सहयोग एंव कठीन परिश्रम का प्रतिफल है। यह भवन अखिल भारतीय स्तर का है जिसमे फोरम की 31वीं वार्षिक आम सभा का आयोजन हो रहा है। आप सबों से इसी प्रकार का सहयोग का मैं अपेक्षा करता हूँ ताकि आगे भी भवन निर्माण कार्य अबाध रूप से चलता रहेगा। वर्त्तमान समय मे भवन के उपरी तलों पर जाने-आने के लिए लिफ्ट का निर्माण कार्य पुरा कर लिया गया है तथा सबसे उपरी तल पर आठ कमरो को फिनिसिंग करने का कार्य भवन निर्माण समिति के देख-रेख में कराया जा रहा है। मौर्य कुशवाहा अभियंता भवन के सभी कमरों में एयर कंडिशनिंग भी लगाने का लक्ष्य रखा गया है। आने वाले समय मे आप सभी सदस्यों के सहयोग से पूरे भवन को आधुनिक सुविधाओं के साथ पुरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

फोरम के द्वारा मैरेज ब्यूरों का कार्य भी संचालित किया जा रहा है जिससे समाज के सभी सदस्य लाभावित हो रहे हैं।

जगदेव स्मृति छात्रवृति के द्वारा समाज के मेधावी एवं जरूरत मंद छात्रों को छात्रवृति प्रदान किया जा रहा

है। साथ ही कल्याण कोष के माधयम से समाज एवं सदस्यो को मदद करने का कार्य किया जा रहा है जो निरंतर चलता रहेगा।

फोरम आपसी भाईचारा, परस्पर सहयोग, समन्वय स्थापित करने का काम कर रहा है। फोरम के कार्यकलापों से कुशवाहा बंधुओं का स्वभिमान जागृत हुआ है। इसके संचालन से फोरम के सदस्यों का मान-सम्मान समाज एवं सरकार में बढ़ा है तथा नेतृत्व करने की क्षमता भी उत्पन्न हुई है।

कुशवाहा समाज के लोगों में कर्मठता, लगनशीलता, परिश्रम करने की क्षमता एवं कार्य के प्रति समर्पण की भावना भरपूर होती है। कुशवाहा समाज का इतिहास गौरवपूर्ण रहा है। लेकिन कहीं न कहीं हम पीछे होते जा रहे हैं, जरूरत है अपने गौरवपूर्ण इतिहास को फिर से याद करने की और उनसे प्रेरणा लेते हुए भविष्य को निखारने की। हम कुश के वंशज है और महात्मा बुद्ध, चन्द्रगुप्त महान एवं सम्राट अशोक हमारे आदर्श है। प्राचीन समय के सबसे प्राचीन वंश महान चन्द्रगुप्त मौर्य के हम वशंज है। सम्राट अशोक, सम्राट बिन्दुसार के पुत्र और महान चन्द्रगुप्त के पौत्र का जन्म 304 ई०पुं० वर्त्तमान बिहार के पाटलिपुत्र में हुआ था। उन्होंने अपने को पुरे अंखड भारतवर्ष में फैलाया और पुरे भारत पर एकछत्र राज किया। सम्राट अशोक मौर्य ने 269 से 232 ई०पूं० तक अखंड भारतवर्ष पर शासन किया। उत्तर में हिन्दुकुश से लेकर गोदावरी नदी तक और पुरब में बंग्लादेश से लेकर पश्चिम में अफगानिस्तान तक राज्य का विस्तार था। 261 ईशा पूर्व में उनके द्वारा लड़ा गया विश्व प्रसिद्ध कलिंग युद्ध में कलिंग पर कब्जा करने में वे सफल रहे। सम्राट अशोक राजा होने के साथ-साथ धार्मिक सहिष्णु भी थे तथा बौद्ध धर्म के अनुयायी थे। वे कितने महान सम्राट थे इसी से पता चलता है कि भारतीय लोकतंत्र के मंदिर के शीर्ष पर अशोक स्तम्भ विराजमान है। आइए, हम सब अपने समाज की विरासत को नमन करें और ये एहसास दिलाए कि हमारे पूर्वज भी किसी से कम नहीं। जरूरत है कुशवाहा परिवार अपने को विकसित कर प्रांत ही नहीं देश-विदेश तक अपनी ताकत का एहसास करायें।

फोरम अपने समाज के सभी का शुभेच्छू है और उन्हें सामाजिक बनने, संगठित होकर प्रगति करने, समाज में भाईचारा एवं समन्वय स्थापित करने की प्रेरणा प्रदान करता है। तकनीकि संस्थान में अध्ययनरत जरूरतमंद, मेधावी छात्र-छात्राओं को छात्रवृति प्रदान कर उनके भविष्य को नई ऊँचाईयों तक पहुँचाने में मदद करता आ रहा हैं उनके कल्याण के लिए कई तरह का समुचित प्रयास कर रहा है।

फोरम को हर तरह से मजबूत करने के लिए युवाओं को आगे-आने की आवश्यकता है। आज की सामाजिक स्थिति को देखते हुए यह समीचीन होगा कि फोरम के सभी सदस्य मिलकर समाज के सभी युवाओं एवं महिलाओं को मुख्य धारा मे लाने का समुचित प्रयास करे। तन-मन-धन से इसे सींचकर देश का सर्वोत्तम संस्था बनाने के लिए हमें कृत संकल्पित होना है।

हम केवल उतने ही मजबुत हैं जितना कि हम एकजुट हैं,

जितना हम विभाजित हैं उतना ही हम कमजोर हैं।

इन्हीं विचारों के साथ आप का पुनः हार्दिक अभिनन्दन करते हुए आपसबों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अपनी वाणी को विराम देता हूँ।

**( ओम प्रकाश सिंह )**
**अध्यक्ष**
कुश्वाहा अभियंता फोरम